## खबर संक्षेप

### 7 दुकानदारों को नोटिस, होगी तालाबंदी की कार्यवाही

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष में लक्ष्यानुसार बकाया राजस्व वसूली के प्रयास तेज कर दिए गए है। जिसके तहत नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया बकाया होने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक नें 7 दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए 7 दिवस में बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा करने हेतु सूचना पत्र प्रेषित किया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा और बकाया वसूली कार्य को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व अमले द्वारा निगम के करदाताओं से लगातार संपर्क करते हुए बकाया कर जमा किए जाने की अपील की जा रही है। इसके पश्चात भी जिन बड़े बकायादारों द्वारा निगम करों की राशि जमा नहीं करने पर निगम प्रशासन द्वारा दुकानों को सील कर तालाबंदी की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समस्त निगम के करदाताओं से बकाया संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया व अन्य कर जमा कर अधिभार से बचने एवं नगर विकास में सहयोग प्रदान करने अपील की है।

### ई-केवाईसी करने किया गया दल का गठन

**कटनी।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई.डी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी कार्य पूर्ण कर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्रदान करने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत समग्र आई.डी को रिकवर करने व ई-केवायसी कार्य पूर्ण कराने हेतु दल का गठन किया है। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा गठित दल में इस कार्य हेतु 5 आउटसोर्स कर्मियों तथा 2 अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए 30 जुलाई बुधवार से दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक समग्र काउंटर कक्ष क्रमांक 51 में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। समग्र आई.डी को रिकवर करने तथा नागरिकों की ई-केवायसी कार्य हेतु दल गठित किया जाकर श्रीमती रितिका पांडेय,प्रिया केशरवानी ,ज्योति मिश्रा,पवन शुक्ला व रिजवान हसन खान आउटसोर्स कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त सुश्री आकांक्षा मिश्रा एवं नीलू साहू की रिजर्व में ड्यूटी लगाई गई है।

### कोनिया धाम से निकाली जाएगी कांवड़ यात्रा

**बरही।** पावन पवित्र श्रवण मास में हर वर्ष की भांति बरही नगर के धर्म प्रेमियों द्वारा कांवड़ यात्रा 4अगस्त को 11 बजे धूम-धाम के साथ निकाली जाएगी कांवड़ियों द्वारा सर्व प्रथम कोनिया धाम से जल लेकर 12 किलोमीटर की दूरी पैदल चलते हुए पावन पवित्र नगरी बरही बाबा विजयनाथ धाम भोलेनाथ के दिव्य दरबार पहूंचेगी हजारों की तादाद में कांवड़ियों द्वारा भोलेनाथ को जल समर्पित कर जल अभिषेक करेंगे तेमुआ ओबरा व बरही नगर के समाजसेवियों द्वारा जगह जगह कांवड़ यात्रा का स्वागत किया जायेगा। बरही कांवड़ समिति धर्म प्रेमियों ने सभी को पहूंचने की अपील की है।

### जलप्लावन की समस्या की कंट्रोल रूम में दें सूचना

**कटनी।** वर्षा ऋतु के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गो एवं विभिन्न बस्तियों में जलप्लावन एवं जलभराव की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। अतिवृष्टि के दौरान नागरिकगण बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम नंबर 07622-292740 पर संपर्क कर जलभराव की सूचना देकर समस्या का निराकरण करा सकते है। निगमायुक्त द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को अपनें - अपनें शिफ्ट में उपस्थित रहकर नागरिकों की जलभराव संबंधी शिकायतों को पंजी में संधारित करते हुए संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को तत्काल प्रेषित करते हुए शिकायतों का निराकरण करानें के निर्देश दिए है। अतिवृष्टि की संभावना को दृष्टिगत रखते कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

### ढीमरखेड़ा क्षेत्र के सगमा गांव में बीते वर्ष बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया था पुल

# जोखिम उठाकर बच्चे पहुंच रहे विद्यालय वैकल्पिक मार्ग से कई किमी.का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुल पुलियों की समय पर मरम्मत नहीं होने से न सिर्फ वाहन चालकों, राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि विद्यार्थियों को भी जोखिम उठाना पड़ता है। कुछ ऐसा ही मामला ढीमरखेड़ा क्षेत्र तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सगमा में देखने मिल रहा है। यहां पिछले वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण सगमा ग्राम का पुल बह गया था जिसका आज तक निर्माण नहीं कराया जा सका। अब बारिश के इस मौसम में छात्र छात्राओं को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सगमा गांव के इस पार जो भी किसी किसने की जमीन है उनको भी खेती करने और वहां आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को हो रही है। वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर बढ़े जलस्तर में नदी को पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नए पुल के निर्माण की मांग की है। इससे उनकी आवागमन की समस्या का समाधान हो



सकेगा। सगमा के लगभग 100 बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गोपालपुर, दशरमन और अन्य गांवों में स्थित स्कूलों में जाते हैं। दतला नदी पर पुल न होने के कारण बारिश के दिनों में जब नदी उफान पर होती है, तो इन बच्चों को बहते पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

#### अनहोनी का बना रहता है भय

लालपुर ग्राम पंचायत के सरपंच पति मोहन बागरी ने बताया कि यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। उनका कहना है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर बिलकुल भी गंभीर नहीं हैं। अभिभावक हर दिन अपने बच्चों को स्कूल भेजते हुए चिंतित रहते हैं। उन्हें डर है कि कब नदी में जल स्तर बढ़ जाए और कोई अनहोनी हो जाए।

#### कई किमी का लगाना पड़ता है चक्कर

पुल बह जाने के कारण ग्रामीणों को मुख्यालय तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। बारिश के मौसम में जब नदी में पानी का बहाव तेज होता है तो यह वैकल्पिक रास्ता भी कई बार दुर्गम हो जाता है। इससे ग्रामीण पूरी तरह से कट जाते हैं। आवश्यक काम, मेडिकल सुविधाओं या अन्य जरूरतों के लिए भी उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है, क्योंकि बाढ़ के दिनों में वे स्कूल नहीं जा पाते। ग्रामीण लगातार विधायक, सांसद से बहे हुए पुल की जगह नए पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

#### इनका कहना है

इस संबंध में ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि ने बताया कि टूटे हुए पुल को पार नहीं करने की चेतावनी प्रशासन की तरफ से दी जा रही है। स्कूल जाने के लि और भी विकल्प मार्ग हैं, उनका उपयोग भी किया जा सकता है। पीडब्ल्यूडी विभाग को पुल निर्माण करने के लिए निर्देशित किया गया है। संभवतः जल्द पुल निर्माण कर शुरू कराया जाएगा।



## दलदल में तब्दील हुआ चौराहा लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डिहुटा मे मुख्य चौराहे के हाल बड़े बेहाल है। चौराहा मे बरसात के दिनों मे पानी जमा होने से दलदल मे तब्दील हो गया है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है साथ ही पैदल चलना भी बड़ी समस्या हो रही है। चौराहा मे कीचड़ ही कीचड़ फैला हुआ है जिससे गंदगी फ़ैल रही है। यह समस्या ग्राम पंचायत के स्वच्छता अभियान की पोल खोलती है।

ग्रामीण दुलारे झारिया, राकेश राजपाल, रामदास साहू, राजेश चक्रवर्ती सहित अन्य जनों ने बतलाया कि चौराहे का मुख्य मार्ग दलदल मे तब्दील होने से आसपास जमा होने वाले पानी ओर कचरे से दुर्गन्ध आती है। पानी के जमावड़ा से मच्छर पनप रहे जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है लेकिन उक्त चौराहे को साफ सुथरा नहीं किया जा रहा है। ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियो के द्वारा इस समस्या से निदान नहीं दिलाया जा रहा है।

## जिले में अब तक 689.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 30 जुलाई तक कुल 689.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 915.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 435.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 58.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## खिलाड़ियों को प्रदान किये गए प्रमाण पत्र

**कटनी।** जंडा ताइक्वांडो क्लब के बेल्ट ग्रेडिंग टैस्ट का आयोजन किा गया। परीक्षा हॉल ऑफ़ फेम इंडिया अंतरराष्ट्रीय कोच मास्टर गोपाल सिंह जंडा



ब्लैक बेल्ट फिफ्थ डान द्वारा लिया गया। क्लास मास्टर मांडवी पांडे ब्लैक बेल्ट फोर्थ डान इंटरनेशनल प्लेयर मास्टर द्वारा चलाई जाती है साथ ही सां प्रशिक्षक नेशनल गोल्डीमेडलिस्ट जीतेन्द्र बंस्कार सहयोग प्रदान किया। हर्षवर्धन दुबे स्वर्ण पदक रेड से हाई रेड बेल्ट, आकर्षित कुमार स्वर्ण पदक येलो से हाई येलो बेल्ट, अनन्य सिंह स्वर्ण पदक वाइट से येलो बेल्ट, वेदिका बिलोहा रजत पदक येलो से हाई येलो बेल्ट, आयुष राव रजत पदक वाइट से येलो बेल्ट, मानस सिंह रजत पदक वाइट से येलो बेल्ट, चीकू बिलोहा काँस्या पदक येलो से हाई येलो बेल्ट, रौनक काँस्या पदक हाई येलो से ग्रीन बेल्ट, आदित्य तिवारी काँस्या पदक वाइट से येलो बेल्ट, विराज ठाकुर वाइट से हाई वाइट बेल्ट, मानस सिंह ठाकुर काँस्या पदक वाइट से येलो बेल्ट प्रदान किया गया। इस दौरान शाहनगर तहसीलदार श्रीमती कोमल सिंह, श्रीमती संध्या ठाकुर , दीपक सिंह राजपूत,श्रीमती निधि तिवारी, श्रीमती प्रियंका बिलोहा, श्रीमती विजय लक्मी,श्रीमती सोनम ठाकुर के.राजा राव मिस्टर रमाकांत तिवारी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरण किए। अध्यक्ष मोती बजाज ने सभी को बधाई दीं।

## आउटसोर्स, संविदा ओर नियमित कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को जल्द किया जाये पूर्ण

**स्लीमनाबाद।** विद्युत विभाग मे कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक तकनीकी कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे मुख्य अभियंता



जबलपुर के साथ आयोजित हुई जिसमें तकनीकी कर्मचारी संघ के तत्वाधान में आउटसोर्स, संविदा, नियमित कर्मचारियों की प्रमुख मांगे आउटसोर्स कर्मचारियों को छिंदवाड़ा, बालाघाट व नरसिंहपुर में क्रिस्टल कंपनी के द्वारा एरियर राशि नहीं डाली गई जिसे जल्द दिलवाया जाये। साथ ही कटनी जिले में लाइन कर्मचारियों को जोखिम भत्ता, साप्ताहिक अवकाश, राष्ट्रीय त्यौहार , दुर्घटना उपरांत दस हजार रूपये आर्थिक सहयोग राशि त्वरित प्रदान की जाए , दुर्घटना में कर्मचारी की मृत्यु उपरांत बीमा राशि दिलाने में विभाग सहयोग करे! आउटसोर्स कर्मचारियों की आयु सीमा 62 वर्ष की जाए। मासिक सर्किल लेवल पर संगठन के प्रतिनिधि के साथ बैठक संपन्न कराई जाए!कर्मचारियों से कार्य के दौरान उपभोक्ता से मारपीट होने पर विभागीय एफआईआर कराई जाए!शासन से नियमित भर्ती में बोनस अंक दिलाने सहित अन्य मांगों पर बैठक संपन्न हुई। इस दौरान तकनीकी कर्मचारी संघ महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव,आउटसोर्स प्रदेश सहसचिव सतीश साहू, जिलाध्यक्ष दशरथ पांडे, सुखदेव झारिया सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## 11.45 हेक्टेयर वन भूमि में किये गए कब्जे को हटाया



वन परिक्षेत्र रीठी अंतर्गत बीट खुसरा मे वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई वन एवं राजस्व विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गईं। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि रीठी के बीट खुसरा के कक्ष क्रमांक आरएफ 165 मे विगत लगभग 15 वर्षो से 11.45 हैक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान फसल को जेसीबी एवं टैक्टर से नष्ट कर तथा मेड तोड़कर एवं ट्रेंच बनाकर बेदखल किया गया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी जया त्रिपाठी, नायब तहसीलदार रीठी, पुलिस स्टॉफ सहित बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा व कटनी का वन स्टॉफ मौजूद रहा।

## राजस्व अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार कटनी अनुभाग में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और प्रभारी नायब तहसीलदारों को राजस्व न्यायालय और गैर-न्यायालयीन (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) कार्यों के संपादन हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटनी (नगर) तहसील अंतर्गत न्यायालय कटनी (नगर) वृत्त मुडवारा-1 में न्यायालयीन कार्य का दायित्व डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे को सौंपा गया है। वहीं न्यायालय रा.नि.वृत्त मझगवां एवं न्यायालय वृत्त कन्हवारा में न्यायालीयन कार्य की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार श्रीमती अवंतिका तिवारी को दी गई है। जबकि गैर न्यायालयीन कार्य की जिम्मेदारी प्रभारी तहसीलदार आशीष अग्रवाल को दी गई है। इसी प्रकार तहसील कटनी के अंतर्गत न्यायालय तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) एवं न्यायालय वृत्त पहाड़ी हेतु न्यायालयीन कार्य का दायित्व प्रभारी तहसीलदार श्री अजीत तिवारी जबकि गैर न्यायालयीन कार्य नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह संभालेंगे। वहीं तहसील रीठी के अंतर्गत न्यायालय तहसीलदार रीठी एवं न्यायालय वृत्त बड़गांव में न्यायालयीन कार्य का दायित्व प्रभारी तहसीलदार संदीप सिंह को एवं न्यायालय नायब तहसीलदार बिलहरी की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार इसरार खान को मिली है। जबकि गैर न्यायालयीन कार्य दायित्व नायब तहसीलदार खगेश भलावी को सौंपा गया है।

इसके अतिरिक्त बड़वारा तहसील के अंतर्गत न्यायालय तहसीलदार बड़वारा एवं न्यायालय वृत्त विलायतकलां एवं न्यायालय वृत्त बसाड़ी के लिए न्यायालयीन कार्य की जिम्मेदारी प्रभारी तहसीलदार सुश्री अनुराधा सिंह जबकि गैर न्यायालयीन कार्य की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार ऋषि गौतम को मिली है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय के अंतर्गत आहरण एवं संवितरण अधिकारी होंगे और संबंधित राजस्व अधिकारियों को सौंपे गए कार्य दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का भी पालन करना होगा।

## बारिश से सुहार नदी उफान पर गाड़ा पुल डूबा, तहसील मुख्यालय से टूटा संपर्क

*लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने प्रशासनिक अमला तैनात*

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बारिश के सीजन पर तहसील क्षेत्र की जीवनदायिनी सुहार नदी उफान पर आई। विगत दो दिनों से हो रही बारिश के चलते नदी-नालों का जल स्तर बढ़ने से सुहार नदी भी बुधवार की सुबह उफान पर आ गई जिससे बहोरीबंद की ग्राम पंचायत अमरगढ़ अंतर्गत गाड़ा पुल डूब गया। गाड़ा पुल डूब जाने से पहाड़ीखेडा मार्ग बंद हो गया।जिससे बचैया जाने का रास्ता बंद हो गया।दूसरे मार्गो से लोग बचैया पहुँचे। गाड़ा पुल डूब जाने से तहसील मुख्यालय बहोरीबंद से सम्पर्क टूट गया।

सुहार नदी के उफान पर आने सर गाड़ा पुल डूबने की जानकारी



लगते ही एसडीएम राकेश चौरसिया, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार व थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचें। एसडीएम ने मौक़े पर ही पुल के दोनो ओर बेरिकेड्स लगवाए।साथ ही नदी का जल स्तर पुल के नीचे आने तक पुलिस व राजस्व विभाग के अमले को तैनात किया। साथ ही राहगीर नदी पार न करें उन पर कड़ी निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अमले को भी जरूरी दवाइयां के साथ उपलब्ध रहने कहा। वहीं ग्राम पंचायत सचिव गोविंद पटेल क़ो निर्देशित किया कि यदि जल स्तर बढ़ता है व गांव की टापू की स्थिति निर्मित होती है तो प्रभावित लोगों क़ो किसी स्थान पर विस्थापित करवाए!

ग्राम पंचायत अमरगढ़ के आश्रित ग्राम गाड़ा -पड़रिया के निवासरत रहवासियों ने कहा कि बरसात के समय चार माह के लिए घरो मैं कैद होने विवश होंगे।घरो मैं कैद होने का खामियाजा ग्रामीणों को गाड़ा व पहाडीखेडा के मार्ग के मध्य बना रपटा है।जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली का दंश विगत कई दशकों से भुगत रहे है। इस रपटे की पुल ऊंचाई बढाने को लेकर कई बार मांग की जा चुकी है।

### नशे से दूरी है जरूरी विशेष जागरूकता अभियान का हुआ समापन

## अभियान में विशेष योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विशेष जन-जागरूकता अभियान “नशे से दूरी है जरूरी” का समापन समारोह बुधवार को बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में एक संगठित, समर्पित एवं प्रभावी जनआंदोलन के रूप में संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशा मुक्त समाज की दिशा में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करना था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव उपस्थित रहे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अभिनय



विश्वकर्मा, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, एडीएम श्रीमती साधना परस्ते तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि दिलीप कुमार यादव ने कहा – यह अभियान समाज में चेतना और सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बना है। निश्चित रूप से इससे युवा वर्ग प्रेरित होकर एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन शैली अपनाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने अभियान की जिले में हुई गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए बताया – कटनी जिले में इस अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित 255 स्थलों पर विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल 39 रचनात्मक कार्यक्रम संपन्न हुए जिनमें भाषण, निबंध, रंगोली, चित्रकला, स्लोगन लेखन, क्विज़, कविता, पोस्टर निर्माण, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, रैलियाँ एवं मैराथन दौड़ शामिल रहीं।” 157 प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान 29,628 नागरिकों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। बैनर, पंपलेट, लघु फिल्म, हस्ताक्षर अभियान, और जन-जागरूकता रैलियों के माध्यम से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया गया।

अभियान की सफलता में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार, व्यापारी संगठन, ऑटो-रिक्शा संघ, एनसीसी, स्काउट-गाइड, सामाजिक संगठन, विद्यालय, महाविद्यालय एवं खेल विभाग सहित कई संस्थाओं ने सराहनीय योगदान दिया। समारोह के समापन पर अभियान में विशेष योगदान देने वाले प्रतिभागियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, सीएसपी श्रीमती नेहा पच्चीसिया, डीएसपी महिला सेल श्रीमती उषा राय, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## डीआरएम उप कार्यालय, वाशिंग पिट एवं ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहो कटनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत शर्मा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट करते हुए उन्हें एक मांग पत्र सौंपा, जिसमे कटनी से जुड़ी रेल समस्या ट्रेनों के स्टॉपेज डीआरएम उप कार्यालय की स्थापना तथा वाशिंग पिट आदि की मांग शामिल हैं। श्री वैष्णव ने सांसद श्री शर्मा की मांगों को ध्यान से सुना एवं रेलवे को परीक्षण कराने के निर्देश दिए। कटनी में रेल सुविधाओं के निरन्तर विस्तार के लिए सांसद वीडी शर्मा सक्रिय हैं। कटनी मुख्य स्टेशन सहित मुड़वारा तथा कटनी साउथ में सेवाओं का विस्तार लगातार जारी है इसी कड़ी में इन सुविधाओं के लिए सांसद श्री शर्मा ने आज रेल मंत्री से भेंट की है।

#### सांसद ने उठाईं ये मांगे

भेंट के दौरान सांसद श्री वीडी शर्मा ने देश की राजधानी नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर संसदीय क्षेत्र खजुराहो कटनी में खजुराहो से खैरादा जंक्शन तक नवीन रेल लाइन, कटनी जिले में रेलवे वाशिंग पिट और कटनी में डीआरएम उप कार्यालय खोलने का अनुरोध किया। इसके साथ ही रेल मंत्री जी से कटनी जंक्शन पर छपरा एक्सप्रेस, CSMF-PNBE सुपरफास्ट एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस, प्रयागराज दोरंतो एक्सप्रेस, पाटलीपुत्र एक्सप्रेस, AYC-RMM सुपरफास्ट एक्सप्रेस, गोदान एख्सप्रेस के स्टॉपेज का आग्रह किया।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मध्य हुआ कार्यक्षेत्र विभाजन

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विकासखंड कटनी के अंतर्गत पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी नायब तहसीलदार को क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकियों से प्राप्त इश्तगासा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 126, 135 में अग्रिम कार्यवाही एवं निराकरण किये जाने हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मध्य पुलिस थाना एवं थाना अंतर्गत पुलिस चौकी का कार्य विभाजन कर आदेश जारी किये गये हैं। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटनी नगर के प्रभारी तहसीलदार आशीष अग्रवाल कोतवाली कटनी, रंगनाथनगर, जी.आर.पी. थाना, महिला थाना एवं कुठला थाना का दायित्व दिया गया है। इसी प्रकार तहसील कटनी ग्रामीण के नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह को माधवनगर, एन. के. जे. थाना तथा झिंझरी एवं निवार पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं तहसील रीठी के प्रभारी नायब तहसीलदार खगेश भलावी पुलिस थाना रीठी एवं बिलहरी तथा सलैया चौकी तहसील बड़वारा के नायब तहसीलदार ऋषि गौतम को थाना की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### 'नशे से दूरी है जरुरी' थीम पर हुआ नुक्कड़ नाटक

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में छात्राओं के द्वारा 'नशे से दूरी है जरुरी' थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात द्वारा समाज में व्याप्त अनेक प्रकार के नशे के बारे में चर्चा की गई। तत्पश्चात सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी द्वारा आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वहीं आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार ने नशे से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया एवं सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन रीना मिश्रा एवं सौरभ मसीह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं आबकारी विभाग से के. के. पटेल एवं मनोज पाठक, रामेन्द्र मणि त्रिपाठी, सतीश द्विवेदी, कमलेश की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद के सरस्वती वेयरहाउस नीमखेड़ा पहुंचकर समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सहायक प्रबंधक लक्ष्मी पटेल को ताकीद किया कि किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी का मूंग व उड़द तय मानकों के अनुरूप क्रय किया जाये। बताया गया कि यहां अब तक 2 हजार 381 क्विंटल मूंग और 576 क्विंटल उड़द की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने यहां बिक्री कर चुके किसानों का भुगतान सुनिश्चित कराने की भी हिदायत दी।

### ट्रेक्टर में शव ले जाने पर नोटिस, माँगा स्पष्टीकरण

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सोशल मीडिया में वायरल नगर निगम के ट्रेक्टर वाहन में सफाई मित्रों से किसी लावारिस व्यक्ति का शव जिला चिकित्सालय से उठाने के वीडियो को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण माँगा है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में लेख किया गया है कि नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराये जाते है, यह जानकारी होने के बाद भी संबंधित संस्थाओं से संपर्क ना करते हुए शव वाहन के उपयोग का प्रयास नहीं किया गया और ना ही समस्या से अवगत कराते हुए जानकारी संज्ञान में लाई गई। यह कृत्य सौंपे हुए दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदारी, उदासीनता और अमानवीयता को दर्शाता है। जिसको संज्ञान में लेते हुए श्री दुबे ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी को नोटिस जारी किया कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

## कलेक्टर अस्पताल, सांदीपनि स्कूल, उर्वरक वितरण केन्द्र एवं मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

# सख्त हिदायतः जांच एवं उपचार में न हो लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बहोरीबंद प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) के निर्माणाधीन भवन सहित समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र और उर्वरक विक्रय केन्द्र बहोरीबंद का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत और एसडीएम राकेश चौरसिया मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद का औचक निरीक्षण कर बाह्य रोगी कक्ष की व्यवस्था, महिला वार्ड, नर्सिंग रूम, एनएनसी जांच कक्ष का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्होंने मौके पर मौजूद सीएमएचओ डॉ. राज सिहं व बीएमओ डॉ. आनंद अहिरवार को संयुक्त रूप से ताकीद किया कि गर्भवती माताओं के सभी 4 एएनसी जांचे नियमानुसार निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाय और हाईरिस्क माताओं के उपचार एवं परामर्श में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाय। उन्होंने ग्राम कजरवारा और बाकल पिपरिया से जांच हेतु पहुंची गर्भवती महिलाओं से चर्चा की और उनके नियमित जांच की जानकारी पूछी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं से संबंधित एएनसी संख्या, हाई रिस्क महिला रजिस्टर, मातृ एवं बाल सुरक्षा वार्ड सहित सभी रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया और स्वयं कम्प्यूटर में बैठकर अनमोल सॉफ्टवेयर में दर्ज किये गये आंकड़ो का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री यादव तकरीबन दो घंटे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद रहे और सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से औचक निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया कराने के निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों को दी जानकारी

कलेक्टर श्री यादव ने संदीपनी (सीएम राइज) स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया और कक्षाओं का भी अवलोकन किया। यहां छात्रों की कक्षायें लगी हुई मिली। कलेक्टर कक्षा दसवीं की कक्षा में पहुंचे और छात्र-छात्राओं से गणित के सवाल हल करवायें और भारत का नक्शा भी बनवाया। कलेक्टर ने व्हाइट बोर्ड पर छात्र से भारत का नक्शा बनवाया और जब छात्रों से देश के नक्शे में राज्यों व नदियों की स्थिति पूछी तो असहज छात्रों को देखकर कलेक्टर श्री यादव ने स्वयं मार्कर लेकर राज्यों और शहरों की स्थितियों का डिमार्केशन कर छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने छात्रों से सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में भी पूछा जिस पर छात्रों ने बताया कि वे सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करते हैं। कलेक्टर ने बच्चों से देश-विदेश के नक्शों की जानकारी के लिये एटलस पुस्तिका का उपयोग करने छात्रों को प्रेरित किया ताकि विश्व के सभी देश और बड़ी प्रमुख नदियों की जानकारी उन्हें एटलस की सहायता से मिल सकेगी। यहां के प्राचार्य हरि सिंह पटेल ने बताया कि यहां की कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

कलेक्टर श्री यादव ने सांदीपनि स्कूल परिसर में ही करीब 35 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन भवन का औचक निरीक्षण किया और भवन के ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया और उन्होंने इस भवन के समग्र परीक्षण हेतु पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और परियोजना क्रियान्वयन इकाई के विशेषज्ञ इंजीनियर्स की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अवलोकन कर समग्र प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री एम के पोनीकर द्वारा कार्य की नियमित निगरानी और पर्यवेक्षण नहीं किये जाने पर गहन नाराजगी जाहिर की।

### उर्वरक केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बहोरीबंद के उर्वरक विक्रय केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। यहां 309 मीट्रिक टन यूरिया, 17 मीट्रिक टन डीएपी और 204 मीट्रिक टन टीएसपी खाद भंडारित मिली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। जिस पर उन्होंने बताया कि यहां पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। कलेक्टर ने यहां महसूस किया कि यहां किसानों को पर्याप्त स्टॉक होने के बाद भी खाद प्राप्त करने में समस्या हो रही है। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने मौके पर मौजूद एसडीएम श्री चौरसिया को उर्वरक खरीदी करने आने वाले किसानों को सुविधाजनक ढंग से उनकी जरूरत का उर्वरक मिल सके इसके लिए ई-टोकन व्यवस्था बनाने और मानव संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिये ताकि किसानों को सुविधाजनक ढंग से खाद मिल सके।

*ढीमरखेड़ा मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों में नहीं बदल रहे हालात*

# अप-डाउन की प्रथा से कामकाज हो रहे प्रभावित, आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

समय बदला, तारीख बदली, सियासत बदली और नौकरशाह भी बदले, लेकिन नहीं बदली तो ढीमरखेड़ा मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों की तस्वीर। जहां अप-डाउन संस्कृति हावी है। बताया गया कि जनपद पंचायत के मुखिया स्वयं शाम ढलते ही मुख्यालय छोड़कर गायब हो जाते हैं। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी कटनी, जबलपुर सहित अन्य शहरों से अप-डाउन कर अप-डाउन संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसके चलते लोगों के विभाग से संबंधित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। यहां बारह बजे तक अधिकारी कर्मचारी कार्यालय पहुंचते हैं और तीन बजते ही घर वापसी की तैयारी में लग जाते हैं। सवाल करने पर एक ही जवाब होता है कि फील्ड पर थे।

ग्रामीणों की मानें तो ढीमरखेड़ा के जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ सीईओ ने तो एक लंबा समय गुजर जाने के बाद भी सेवा स्थल ढीमरखेड़ा को आज तक मुख्यालय नहीं बनाया है। इससे ही कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। बताया जाता है कि सीईओ साहब अप-डाउन कर ढीमरखेड़ा में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं कार्यालय में पदस्थ अन्य कर्मचारी भी देर से आना अपना अधिकार समझते हैं। सूत्रों की मानें तो जिम्मेदारों की अप-डाउन प्रथा का फायदा अवैध कारोबारी भी जमकर उठा रहे हैं। माननीयों के ढीमरखेड़ा मुख्यालय से गायब होते ही क्षेत्र में अवैध गतिविधियां चरम पर आ जाती है।

### देर से पहुंचते हैं मुख्यालय

देखा गया कि ढीमरखेड़ा के जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग के दफ्तर समय से नहीं खुलते हैं। यहां आधे से अधिक कर्मचारी अप-डाउन कर जब दोपहर में मुख्यालय पहुंचते हैं तब जाकर दफ्तरों का संचालन हो पाता है। बताया गया कि यहां तैनात कई कर्मचारी जबलपुर, कटनी सहित अन्य शहरों से प्रतिदिन अप-डाउन करते हैं। इससे ही सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जबलपुर से प्रतिदिन अप-डाउन करने वाला कर्मचारी कितने समय मुख्यालय में बैठकर सेवाएं देता होगा।

मुख्यालय के विभागों में सबसे मरणासन्न स्थिति ढीमरखेड़ा के तहसील कार्यालय की है। यहां भी अप-डाउन का वायरस फैला हुआ है। खास बात तो यह है कि इस ओर न तो जिले के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ही। जिसके चलते अधिकारी कर्मचारी मनमानी करने पर उतारू हैं और आम लोग परेशान हैं। अप-डाउन प्रथा पर रोक लगने के बाद भी अधिकारी कर्मचारी नियमों को दरकिनार कर प्रतिदिन अप-डाउन कर रहे हैं। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार कब सुधरेंगे ढीमरखेड़ा मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों के हाल।

## नशे से दूर रहने विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम के मार्गदर्शन में जिले में आबकारी विभाग द्वारा युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु ''नशे से दूरी है जरूरी'' जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीएम राइज (संदीपनी) स्कूल में 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों एवं चित्रों के माध्यम से नशे के विरोध में सशक्त संदेश प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, कानूनों की जानकारी तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनके कर्तव्यों के संबंध में जानकारी देते हुये नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# महापौर ने विकास कार्यो का किया औचक निरीक्षण, गुणवत्ता का ध्यान रखने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर के छात्रों को यूपीएससी, एमपीपीएससी, रेल्वे , बैंकिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी प्रारंभ करने के उद्देश्य से नगर निगम के केसीएस स्कूल में संचालित होने वाली भारत निर्माण कोचिंग में सुविधाजनक माहौल के बीच पठन-पाठन की सुविधा मुहैया कराने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर 25 लाख रुपये की लागत से सुविधाओं के विस्तार का कार्य कराया जा रहा है।

उक्त विकास कार्यो का महापौर द्वारा औचक निरीक्षण किया जाकर क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। महापौर द्वारा निरीक्षण के दौरान स्थल पर चल रहे सीढ़ियों की मरम्मत, हॉल के टाइल्स फ्लोरिंग कार्य, सीलिंग एवं खिड़कियों व दरवाजों का निरीक्षण किया जाकर सुरक्षा की दृष्टि से सीढ़ियों में स्टील की रेलिंग लगाने, खिड़कियों में कांच लगाकर स्लाइडिंग की सुविधा प्रदान करने सहित प्लाई के माध्यम से अस्थाई रूप से पार्टीशन की सुविधा प्रदान करानें सहित शाला परिसर के पीछे से भी सीढ़ियों की सुविधा प्रदान उपलब्ध कराने के निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्री को दिए गए।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

*जन अभियान परिषद द्वारा निकाली गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा*

# बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार करेंगी महिलाएं, विशेष अवसरों करेंगे रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद ने 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी के माध्यम से 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। 24 जुलाई से बहोरीबंद विकासखंड मे शुरू की गई हरियाली यात्रा का समापन मंगलवार को ग्राम पंचायत अमोच मे हुआ!इससे पहले ग्राम पटना मढ़िया मे यात्रा निकाली गई!जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा शामिल हुई। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह,सरपंच नरेश दहायत, उपसरपंच जेटू लाल हल्दकार, सचिव प्रकाश यादव, पटवारी श्वेता तिवारी, रोजगार सहायक दिनेश पांडेय, परामर्श दाता अवधेश बैरागी, धनीराम लोधी ने सक्रिय सहभागिता की। आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने अपील की है कि महिलाएं अपने घरों में पौधे तैयार करें और उन्हें बच्चों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगाँठ पर लगाएं।

माता-बहनों के द्वारा पौधा रोपित कर धरती माता का हरितमय श्रंगार होगा। कलश यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विकासखंड समन्वयक ने 'नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा' कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। महिलाओं को बीज रोपित थैलियां वितरित की जा रही हैं, जिनमें बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार किए जाएंगे और उन्हें विशेष अवसरों पर रोपित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर सखियों को पौधे और अंकुरित बेल बीजों का वितरण भी किया गया। परामर्श दाता अवधेश बैरागी ने बताया कि हरियाली अमावस्या से हरियाली यात्रा का आगाज हुआ! प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में चयनित की गई हैं।

## निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की सुविधाओं का रखें पूरा ध्यान

# दो वार्डों में निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर विकास एवं नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा के मद्देनजर इंदिरा गांधी वार्ड के बाला जी नगर तथा शिवनगर बस्ती में नवीन सड़क निर्माण हेतु कराए गए डब्ल्यूबीएम कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी के साथ निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान आ रहीं आवागम संबंधी परेशानियों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### मार्ग के गड्ढे की कराएं फिलिंग

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा बाला जी नगर में प्रवेश द्वार से पुरवार स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य के पूर्व कराये जानें वाले डव्लयू बीएम कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय नागरकों द्वारा वर्षा के दौरान गढ्डों में पानी भरनें तथा डी.के.ट्रेडर्स के समक्ष मार्ग में मिट्टी पड़ी होने के कारण आवागमन में उत्पन्न होने वाली परेशानी की जानकारी से महापौर श्रीमती सूरी को अवगत कराने पर महापौर द्वारा मार्ग में तीन चार हाइवा ब्लू डस्ट डलवाने के निर्देश दिए। वहीं डी.के.ट्रेडर्स के समक्ष मार्ग की मिट्टी हटाकर रैंप का निर्माण कराकर सुगम आवागमन की सुविधा भी निर्माण एजेंसी के माध्यम से मुहैया कराने के निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडेय को दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की सुविधाओं का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए।

नगारिकों के सुगम आवागमन हेतु शिवनगर में मुख्य मार्ग से गली नंबर 17 तक कराये जानें वाले नवीन सड़क निर्माण के डव्ल्यूबीएम कार्य का निरीक्षण भी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद बल्ली सोनी के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रवेश मार्ग के समक्ष सहित अन्य स्थलों के मार्ग के गड्ढों की फिलिंग कराते हुए डब्लयू बी एम कार्य को गुणवत्ता से पूर्ण करते हुए नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

ज्ञातव्य हो कि नागरिकों की मूलभूत सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों मे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य कराये जा रहे है। निर्माण कार्यो की सुविधा का नागरिकों को लंबे समय तक लाभ प्रदान हो सके इस हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा एक ओर जहां कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए जा रहे है वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य तथा लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग समिति प्रभारी रमेश सोनी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग समिति प्रभारी सुभाष साहू पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव सहित निगम के क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडेय की मौजूदगी रहीं।



# निगमायुक्त नें विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के सार्वजनिक मार्ग में आवारा रूप से विचरण करने वाले गोवंशों को कांजी हाउस एवं गौशाला के अतिरिक्त अन्य व्यवस्थित स्थलों में भेजने के उद्धेश्य से आमजनों के सहयोग से निर्मित कराये जानें वाले अस्थाई गौशाला सेवा केन्द्र के निर्माण को लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री दुबे ने कुठला, सिविल लाइन, गायत्री नगर, झिंझरी सहित अन्य गौ-संरक्षण केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां गोवंशों को रखने के उद्देश्य से केन्द्रों में चारा -पानी, छाया सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि नगर के नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य एवं अन्य मार्गो में आवारा रूप से विचरण करानें वाले घुमंतू गोवंशों को क्षेत्रीय अस्थाई गो-संरक्षा स्थलों में सुरक्षित रूप से रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त द्वारा स्थल का निरीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### नाबालिक बच्ची को अमानगंज पुलिस ने मुंबई से किया दस्तयाब

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम बांधी कला से गत 28 मई 2025 की रात एक नाबालिक बच्ची घर में बिगर सूचना दिए एक नवयुवक के साथ गायब हो गई। घटना की सूचना उसके पिता द्वारा अमानगंज पुलिस थाने में दर्ज कराई बच्ची की स्थानीय स्तर पर पुलिस ने काफी खोज बीन की और अंत में मुस्कान अभियान के अंतर्गत मुंबई के ठांडे से बच्ची को दस्तयाब करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी। घटना के विषय में फरियादी पिता ने पुलिस को सूचना दिया, कि इसके गांव में बिहार का एक नवयुवक आरोपी राहुल सिंह ठाकुर कई दिनों से जमा है और उसका इसके घर पर आना-जाना लगातार होता रहा इसकी एक नाबालिक बच्ची को आरोपी बहला-फूसला कर भगा ले गया। फरियादी की सूचना में पुलिस ने साइबर सेल के सहयोग से आरोपी का पता लगाया जो मुंबई ठांडे से गिरफ्तार हुआ।

### लगभग 20 घंटे से पन्ना दमोह राजमार्ग अवरुद्ध

**सिमरिया।** तहसील सिमरिया अंतर्गत दमोह पन्ना राजमार्ग स्थित ब्यारमा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त होने से प्रशासन द्वारा लगभग 20 घंटे से बंद कर दिया गया है जिससे आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा अभी कुछ दिनों के लिए हो सकता है कि मार्ग अवरुद्ध रहे प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है कि ब्यारमा नदी के आसपास वाले ग्रामों के लोग सतर्क रहे। इतना ही नहीं दमोह मार्ग को जाने वाले वाहन वैक्लिपिक मार्ग से इस हालात को ध्यान में रखकर जाने से लगभग 40-50 किलोमीटर की दूरी अतिरिक्त तय करने को लेकर चर्चायें व्याप्त है। गौरतलब बात यह है कि जहां पन्ना से दमोह, सागर, भोपाल, पहुंच मार्ग के लिए अधिकत्तर वाहन जो इस मार्ग से गुजरते थे अब या तो छतरपुर से सागर होते हुए भोपाल की दूरी तय करना पड़ेगी वहीं दमोह पहुंचने के लिए अमानगंज से वैक्लिपिक मार्ग की तालाब करते हुए दमोह का सफर तय होगा हालात बारिश के चलते पुल के छतिग्रस्त होने को लेकर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को बंद रखा गया है।

विरागोदय तीर्थ चातुर्मास कर रहे गणाचार्य विशुद्ध सागर जी ने धर्मसभा में कहा

# संग्राम मत करो, समझौता करो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विरागोदय तीर्थ पथरिया में चातुर्मास के दौरान धर्म सभा को दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्म-सभा में सम्बोधन में कहा- ?सबसे मिल जुलकर रहो, परस्पर सामन्जस्य बनाना सीखो, पर सिद्धान्तों को मत छोड़ो। दूसरे के साथ मित्रता करो, पर अपना अस्तित्व मत मिटाओ। जिंदगी जीना भी एक कला है। जो समझोता करना नहीं जानते वह जीवन में विफल हो जाते हैं। झगड़ा वही करते हैं, जो नीतिज्ञ नहीं होते हैं। जिसकी एकता, अखण्डता, शांति पर दृष्टि होती है, वह संग्राम नहीं करता, अपितु समझौता करके सुख पूर्वक जीवन जीता है। दो शक्तियाँ मिलेंगी, तो एक महा-शक्ति बनेगी । एकता में आनन्द है, एकता में शांति है, एकता में विकास है, एकता में जागृति है। परस्पर-एकता धर्म का प्रतीक है।

**चित्रों में मत चिपको, चारित्र संभालो**

अच्छे चित्र देखोगे, तो चित्त पवित्र होगा और विकृत चित्र देखोगे तो चित्त चारित्र से पतित हो जायेगा। जो चित्त को सँभाल लेता है, उसका चारित्र भी पवित्र होता है। पूर्णज्ञानी, महापुरुष किसी की पूजा करते नहीं, स्वयं की पूजा कराते नहीं, दुनिया उनकी पूजा स्वयमेव करती है। ऐसे ही दुनियाँ के गुणों की प्रसंशा स्वयमेव होती है। गुणवान बनो, चारित्रवान बनो, नीतिज्ञ बनो। यथार्थ धर्म समझो; धर्म हमेशा कल्याण का मार्ग ही प्रशस्त करता है। अशुद्धि घटाये, विश्वद्धि बढ़ाये वही सच्चा- धर्म है। धर्म खण्ड-खण्ड होने की शिक्षा नहीं देता। धर्म एकता, सामन्जस्य मैत्री की शिक्षा देता है।

**शंकामत करो, विश्वास का जीनन जियो**

परस्पर की शंका हमारी मित्रता, एकता को घातकर खण्ड खण्ड कर देती है। आनन्द पूर्वक जीना चाहते हो तो एकता के सूत्र में बंधो। एकता संबंधों का प्राण है। एक-एक धागा मिलकर वस्त्र बन जाता है। दिया, वाती, कृत और अग्नि मिलकर दुनिया को प्रकाश देते हैं। एकता महा-शक्ति को जन्म देती है। एकता के महत्त्व को समझो। एकता से ही विजय होती है।

प्रज्ञा प्रज्वलता का उपाय बौद्धिक विकास उन्हीं का होता. जो जीव मात्र पर सम-भाव रखता है। जिसके प्रशस्त- परिणाम होंगे करुणा - दया भाव होगा, भोजन पवित्र शुद्ध शाकाहार होगा, उसकी प्रज्ञा स्वयमेव ही प्राज्लन होती जाएगी। अहंकार से बुद्धि का हास होता है। विनय से बुद्धि - पवित्र होती है। प्रज्ञा को पवित्र करना है, तो हमेशा प्रसन्न-चित्त रहो । खिन्नता से बचो, संक्लेशता मत करो।

**चिंता चिता समान**

चिंता चिता के समान होती है। चिंता करने से ज्ञान का क्षय होता है, शारीरिक बल क्षीण होता है। चिंता से स्वास्थ खराब होता है, सुन्दरता दूर चली जाती है, बाल सफेद हो जाते हैं, गाल पिचक जाते है विस्मरण शक्ति वर्द्धमान होती है। चिंता हजारों रोगों को उत्पन्न करने में सहकारी होती है। चिंता की अग्नि में झुलसा प्राणी शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त करता है। चिंता छोड़ो, चिंतन प्रारम्भ करो।

देवश्री गौरीशंकर मंदिर में शिव पुराण कथा सुनने भक्तों की उमड़ रही भीड़

# भगवान शिव सबसे दयालु देवता है जो शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते हैं-पं वीरेंद्र शास्त्री



**हटा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर के देवश्री गौरीशंकर मंदिर में महाशिव पुराण का अद्भुत आयोजन कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे दिवस में श्रद्धालुजनों को शिवपुराण की दिव्य अमृतमयी कथा विस्तार में कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने कहा कि शिवपुराण संहिता है। संहिता का अर्थ होता है, जो मनुष्य के हित की बात करे, वह संहिता कहलाती है। जीव के कल्याण की बात जिसमें निहित होती है, उसको संहिता कहते हैं। संहिता साक्षात वेद का ही स्वरूप मानी जाती है, वेद का अनुगमन करने वाले शास्त्र संहिता कहलाते हैं। इसलिए संस्कृत में उसकी व्याख्या करते हुए बताया गया है कि सम्यक हित जिसमें छिपा हो, वह संहिता होती है। सम्यक हित की बात केवल वेद ही करता है, वेद ही मनुष्य के कल्याण की बात करता है। जीव का परम लक्ष्य परमात्मा से मिलना है। जीव की यात्रा तब तक चलती रहती है, जब तक उसे परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती है। परमात्मा की प्राप्ति ही जीव का मूलभूत लक्ष्य है। उसे इस लक्ष्य की प्रति मनुष्य योनि में होती है। इस प्रकार का उपदेश जिन शास्त्रों में निहित होता है, उसको संहिता कहते हैं। इसलिए शिवपुराण भी संहिता है। भगवान शंकर ने स्वयं शिवपुराण की कथा सर्वप्रथम सनत कुमारों को सुनाई थी। भगवान शिव दक्षिणामूर्ति के रूप में एक वटवृक्ष के नीचे विराजमान हुए और मौन व्याख्यान के रूप में शिष्यों को आत्मबोध करा रहे थे। कथा का विस्तार करते हुए बताया कि बिन्दुग जैसे निकृष्ट पापी और चंचुला जैसी कुमार्गगामी स्त्री भी भगवान शिव की कथा सुनकर मुक्त हो गए, यानी बड़े से बड़ा पापी भी भगवान शिव की शरण लेता है, उनकी कथा सुनता है तो पाप से मुक्त हो जाता है। भगवान शंकर जैसा दयालु कोई भी देवता नहीं है, इसलिए समस्त देव, यक्ष, नाग, किन्नर, गंधर्व वा मनुष्य भगवान शंकर की शरण ग्रहण करते हैं। भगवान शंकर सबको उनके मनोनुकूल इच्छाओं को पूर्ण करते हैं और अंत में अपने स्वरूप को देखकर अपना पार्षद बनाकर शिवलोक में रखते हैं।

# सगोड़ी कला के ग्रामवासियों ने गांव को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ के ग्राम सगोड़ी कला के ग्राम वासियों ने नाग पंचमी के शुभ अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह एवं ग्राम के सरपंच मनोज राय के मार्गदर्शन में बैठक कर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि अब ना कोई गांव में शराब बेंचेगा ना कोई शराब बनाएगा और ना कोई शराब पीकर गांव में गालीगलौज करेगा। अगर गांव में कोई अवैध रूप से शराब बेचते शराब बनाते या शराब पीकर गाली गलौज करते पाया गया तो सभी ग्रामवासी सामूहिक रूप से मिलकर कानूनी कार्रवाई करवाएंगे और सामाजिक दंड भी देंगे। ग्राम सगौड़ी कला वासियों द्वारा ग्राम को नशा मुक्त बनाने के लिए गए निर्णय से अवगत कराने के लिए सभी ने एक ज्ञापन सिंग्रामपुर चौकी में सौंपकर ग्राम वासियों द्वारा लिए गए निर्णय मैं सहयोग प्रदान करने की मांग की है। ग्राम वासियों ने बताया कि लोग मेहनत मजदूरी करके कमाए हुए पैसों को शराब में बर्बाद करते हैं और शराब खोरी से गांव का माहौल खराब हो रहा है बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है और महिलाएं प्रताड़ित हो रही हैं। जिसको देखते हुए हम सभी ने अपने गांव को नशा मुक्त करने का निर्णय लिया है। वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉक्टर सुजान सिंह ने ग्राम वासियों द्वारा दिए गए निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है और ग्रामवासी समय रहते इस बात को समझ गए यह बहुत ही अच्छी बात है अगर ग्राम नशा मुक्त रहेगा तो गांव में खुशहाली रहेगी लड़ाई झगड़े नहीं होंगे और परिवार का माहौल भी अच्छा रहेगा एवं बच्चों का भविष्य उज्जवल रहेगा गांव को नशा मुक्त बनाने का निर्णय स्वागत योग्य है और सभी ग्रामवासी इस निर्णय का हमेशा पालन करें। ग्राम के सरपंच मनोज राय ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत के ग्राम सगोड़ी कला के ग्राम वासियों द्वारा ग्राम को नशा मुक्त बनाने का निर्णय लिया है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है और हम चाहते हैं कि इस तरह अन्य ग्राम भी इससे प्रेरणा लें और अपने गांव को नशा मुक्त करने की पहल करें हमारी ग्राम पंचायत ऐसे ग्रामों और कार्यों को हमेशा सहयोग के लिए तैयार है।

### गंदे पानी का इस्तेमाल पीने के लिए मत कीजिए, यह बहुत खतरनाक साबित हो सकता है स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से कहा मैंने जो स्थितियां देखी है, वाकई में लोगों के घरों के अंदर पानी घुस गया था, घरों में कीचड़ की स्थिति थी और घरों में छोटे-छोटे बच्चे हैं, बहुत ध्यान रखने की जरूरत इस बात की है बाढ़ के बाद महामारी का टेंशन आता है, क्योकि कीचड़ और बारिश के बाद मटमैला पानी हो जाता है और यदि उस पानी का इस्तेमाल पीने के रूप में करते हैं तो उससे हैजा, मलेरिया, उल्टी, दस्त इस तरह की शिकायतें हो जाती हैं और फिर तत्काल लोगों को अस्पताल लेकर जाना पड़ता है, यह नौबत ना आए इसके लिए ग्रामवासियों से अपील करता हूं कि पानी को उबाल करके पिएं। क्लोरीनाइजेशन भी कराने की व्यवस्था की जा रही हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मेडिकल कैंप भी लगवाने की व्यवस्था कर रहे हैं, कृपया करके गंदे पानी का इस्तेमाल पीने के लिए मत कीजिए, यह आपके लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें, उबाल करके पानी पीने की कृपया करें और क्लोरीनयुक्त पानी को पीने की कृपया करें, ताकि किसी को भी अस्पताल की तरफ ना जाना पड़े, मेरी इस बात को आप सब मानेंगे, यह मेरा विश्वास है।

# छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**बनवार।** दमोह के जबेरा में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। जिला खेल अधिकारी सैफुल्लाह खान के नेतृत्व में 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। ब्लॉक युवा समन्वयक कविता अहिरवार ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है और परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करता है। नशामुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य और विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### किसान भाई उचित जल निकास पर रखें विशेष ध्यानः डॉ. द्वारका



कृषि महाविद्यालय, पन्ना के डॉ. द्वारका के अनुसार अभी बरसात के मौसम में किसान भाइयों को अपने खेतों में उचित जल निकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। यदि खेतों में पानी अधिक समय तक जमा रहता है तो फसलों की जड़ें सड़ सकती हैं और उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है, डैंपिंग ऑफ जैसी बीमारी फसलों में हो सकती है। जल जमाव से बचने के लिए खेतों की मेढ़ों को मजबूत करें और पानी निकलने के लिए छोटी - छोटी नालियों का सही तरीके से ढाल अनुसार निर्माण करें। विशेष रूप से अरहर, तिल, सब्जियां और अन्य संवेदनशील फसलों के लिए जल निकासी अत्यंत आवश्यक है। सही जल प्रबंधन से फसलें सुरक्षित रहेंगी और किसान भाइयों की मेहनत रंग लाएगी। क्षेत्र के किसान श्री रूपेंद्र ठाकुर से बातचीत के दौरान पाया कि अभी क्षेत्र में बारिश बहुत ज्यादा हो रही है जिसके चलते किसानों ने जो मंहगे बीज लेकर बोए है यदि उनका प्रबंधन सही तरीके से न किया गया तो किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

# बाल विवाह, तस्करी एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के व्दारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना पार्ट - 03 के अन्तर्गत 30 जुलाई 2025 दिन बुधवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला नगर हिण्डोरिया एवं रेलवे स्टेशन बम्होरी (बांदकपुर) में विश्व मानव दुर्व्यीपार विरोध दिवस फगवाड़ा के समापन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मे बाल विवाह एवं मानव दुर्व्यापार मुक्त व्यक्ति, समाज एवं देश निर्माण की सामूहिक शपथ भी सभी उपस्थितजनों को दिलाई गई।

उक्त बरसते पानी के बीच आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर, शाला प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग एवं मुख्य वक्ता के रूप में संकल्प समाज सेवी संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, मनीष सोनी मीडिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजात खान मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ना यह तेरा- ना यह मेरा। ईश्वर का सब राज है- के सामूहिक गीत गायन के साथ की गई। इसके पश्चात विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर वक्ता देवेंद्र दुबे एवं मनीष सोनी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। श्री सोनी ने बताया कि किस तरह से आज समाज में इस विषय को लेकर व्यापक सहभागिता, सहयोग एवं जागरूकता की आवश्यकता है। श्री दुबे ने कहा कि विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के आयोजन का मूल उद्देश्य इसके प्रति लोगों में हर स्तर पर जन जागरूकता लाना है। थाना प्रभारी ने नशा मुक्ति के बारे मे प्रकाश डालते हुये कानून सम्मत अनेक जानकारी दी। वक्ता सुजात खान ने बच्चों की नैतिक शिक्षा एवं थीम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत मे आयोजन की सराहना करते हुये आभार प्रदर्शन प्राचार्य अनिल गर्ग ने किया। शाला मे आयोजित कार्यक्रम के पश्चात रेलवे स्टेशन बम्होरी पहुँच कर संस्था की टीम ने वहाँ मौजूद मुसाफिरों, यात्रियों को भी विष्यान्तर्गत जागरुक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकल्प समाज सेवी संस्था से दर्शन नामदेव, मनोज रजक एवं शालेय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

# सूने मकान से 28 पेटी अवैध शराब जब्त, आरोपी फरार



**हटा।** थाना क्षेत्र के इटवा गाँव में हटा पुलिस ने आंगनवाड़ी के समीप एक सूने मकान में दबिश देकर घर मे रखी 28 पेटियों को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सूने मकान में रखी 28 पेटी देशी प्लेन मसाला शराब जप्त की गई है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब एक लाख 40 हजार रुपए बताई गई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक टीम गठित कर मंगलवार रात करीब 11 बजे इटवा ग्राम में दबिश दी जिसमे एक मकान से 28 पेटियां जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। वही आरोपी त्रिलोक सिंह लोधी मौके से फरार हो गया है। जिसकी तलाश करने में पुलिस जुटी हुई है।

# झूलेलाल चालीसा महा महोत्सव पर हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री झूलेलाल चालीसा महा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री झूलेलाल मंदिर समिति एवं श्री झूलेलाल मंदिर महिला समिति द्वारा आयोजित सामूहिक (आश के बेहराडे) बेहराडा सजाओ सामूहिक पूजा प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें 29 जुलाई 2025 के दिन महिलाओं के द्वारा 200 से अधिक बहराना सजाओ सामूहिक पूजा भगवान श्री झूलेलाल जी का आहवान किया गया। पूज्य पंडित महेश शर्मा द्वारा पूजन एवं पल्लव होने के बाद सभी बहराना साहब दीप विसर्जित किए गए समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार कोटवानी झूलेलाल मंदिर के अध्यक्ष हरगोविंद लालवानी राजकुमार केवलानी, डॉक्टर विनोद कुकरेजा, मदन लालवानी, विनोद अमूलान, मनीष आहूजा निशू नाथानी का इसमें विशेष सहयोग रहा।

दीप विसर्जन के बाद सभी महिलाओं एवं बहनों को पुरस्कार स्वरूप भेंट दिए गए और सभी के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में सिंधु सेवा ग्रुप के सभी युवाओं ने जी जान से सहयोग किया।

# जिला विचार वर्ग आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्वदशी जागरण मंच द्वारा जिला दमोह होटल उत्सव विलास में जिला विचार वर्गआयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती रंजीता गौरव पटेल(जिला पंचायत अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि सुशील नामदेव (जिला समन्वयक जन अभियान परिषद) एवं मुख्य वक्ता प्रताप पटेल ( प्रांतीय कृषि आयाम प्रमुख) उपस्थित रहे, कार्यक्रम की शुरुआत स्वावलंबी गीत गाकर श्रीमती कंचन असाटी द्वारा की गई, कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला संयोजक डॉ हरिओम दुबे द्वारा दी गई । कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के विचार प्रमुख माधव पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये, कार्यक्रम का संचालन अनिल खरे ने किया, कार्यक्रम जिला विचार वर्ग की प्रभारी डॉ प्रिया श्रीवास्तव रही। आभार डॉक्टर मोनिका पालीवाल द्वारा किया गया। एवं कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों द्वारा स्वदेशी संकल्प वाचन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती कुसुम खरे,मंजू राजपूत, मनोरमा रतले , रेखा उपाध्याय, शुभ्रा जैन, सोना जैन, राखी दुबे, सन्मित जुनेजा, जुगल अग्रवाल, ध्रुव प्रजापति, फेरन ठाकुर, तथा अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# सामूहिक रूप से बच्चों को आईएफए टैबलेट का सेवन कराया

**दमोह।** एनीमिया मुक्त भारत एवं स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आज दमोह जिले में ओ.आर.एस. दिवस के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण शैक्षणिक संस्थानों में जन जागरूकता गतिविधियां की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने शहरी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं कलेक्टर के निर्देश अनुसार जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने विकासखंड बटियागढ़ के सुदुरवर्ती आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अंतर्गत शैक्षणिक शालाओं में पहुँचकर सामूहिक रूप से बच्चों को आई.एफ.ए. टैबलेट का सेवन कराया। दस्त प्रबंधन में ओ.आर.एस. जिंक गोली के सेवन एवं ओ.आर.एस. घोल तैयार करने तथा हाथ धोने की सही विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जे.पी.बी. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे की गरिमामयी उपस्थिति में 972 छात्राओं को सामूहिक रूप से आयरन (आई.एफ.ए.) टैबलेट का सेवन कराया। इस मौके पर उन्होने बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं नियमित रूप हर मंगलवार आयरन टैबलेट सेवन करने की समझाईश दी गई। आर.बी.एस.के. टीम के द्वारा शाला के 109 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें 21 छात्राएं एनिमिक पाई गई। जबकि 7 छात्राओं को त्वचा से संबंधी विकार एवं नेत्र विकार से जुडी परेशानी वाली दो छात्राएं पाई गईं। इस अवसर पर जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर ऋषि राज, एपीसी शिक्षा विभाग मोहन राय, शाला के प्राचार्य, आर.बी.एस.के. समन्वयक नरेश राठौर सहित शिक्षकगणों की उपस्थिति रही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने शहरी क्षेत्र नया बाजार नं. 4 अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्र 38 में दस्तक अभियान के तहत दी जा रही बाल्यकालीन बीमारी की पहचान एवं विटामिन ए अनुपूरण संबंधी स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर ए.एन.एम. पूजा नामदेव, शहरी आशा शशि चौधरी मौजूद रहीं।

## दर्जनों गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूटा, 25 किमी लंबा चक्कर लगाकर आना होगा

# व्यारमा नदी के झापन घाट पुल का स्लैब बहा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेडा / जलौन

सोमवार एवं मंगलवार की दरम्यानी रात से हो रही भारी बरसात के कारण व्यारमा नदी में उफान आने के कारण कुल 18 ग्राम जिनमें सर्रा, तारादेही, झमरा, बम्होरी, खमतरा, सारसबगली, विलतरा, कोटखेड़ा, कोसमदा, बम्होरीमाल, खमरियां शिवलाल, केवलारी, जेतगढ, गोपालपुर, बिसनाखेड़ी, पिपरा, बर्धघटी, भैसां, बाढ से प्रभावित हुए है। जिनमें खमतरा एवं झमरा की अधिक स्थिति खराब है जों आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। जिनमे 100 प्रतिशत घरो में लगभग 4 से 5 फिट पानी भर गया था जिस कारण ग्राम के लोगों के घरो के अंदर कीचड़ मच गया है। लोगो को खाने पीने एवं रूकने जैसे सुविधाओ से परेशान हो रहे है। इसके अलावा जबलपुर सागर स्टेट हाईवे पर झलोन के पास बना 40 साल पुराना पुल पर लगभग 20 फिट पानी होने के कारण एवं नदी के वहाव के प्रकोप से सम्पूर्ण पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल का उपर का शिल्प बह गया है सिर्फ पुल के पिलर ही दिखाई दे रहे है। इसके पूर्व 2013 में भी बाढ़ आने के कारण पुल का शिल्प एक तरफ से खिसक गया था जिस कारण कई महीने मार्ग बंद रहा था। तेंदूखेड़ा से सागर जाने बाला मार्ग पूर्णतः बंद हो गया है। झापन पुल के उस पार लकलका, झापन सहित अनेक ग्रामो को तेंदूखेड़ा से सम्पर्क टूट गया है अगर इन ग्रामो के लोगो को तेंदूखेड़ा आना होगा तो लगभग 50 किलोमीटर का चक्कर काटना पडेगा,। इसके अलावा तेंदूखेड़ा महाराजपुर रोड़ पर झमरा की पुलिया भी बहकर क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसमें पुलिया के नीचे का शिलिप भी बह गया है। अगर कोई भारी वाहन निकलेगा तो पुलिया धस जाएगीं। ऐसे ही इसी रोड़ पर चोचले बब्बा की पुलिया की उपर की सडक के साथ साईड सोल्डर बह गए है।

## कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लिया जायजा







**तारादेही।** जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अपनी टीम के साथ बाढ प्रभावित ग्राम तारादेही, झमरा एवं खमतरा ग्राम का निरीक्षण किया साथ ही बाढ प्रभावित लोगो से सम्पर्क कर उनकी समस्याओ का निराकरण करने एवं सम्पूर्ण व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा सर्रा ग्राम एवं आसपास के ग्रामो का एडीएम मीना मसराम ने भी अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया गया है। साथ ही राहत कार्य भी युद्ध स्तर पर प्रशासन के द्वारा शुरू करा दिया गया है। साथ ही कलेक्टर सुधीर कोचर ने समस्त ग्रामवासियों से अपील की है कि बरसात में गंदा पानी का सेवन नहीं करे सभी लोग पानी को उवालकर पिए गंदे पाने के सेवन से विभिन्न बीमारियां फैल सकती है। श्री कोचर ने कहां कि मेरे द्वारा एवं एडीएम मेडम के द्वारा वाढ प्रभावित ग्रामो को निरीक्षण किया है। जहां पर बहुत स्थिति खराब है यहां पर सभी घरो में पानी भरा था। इनके भोजन पानी, दवाईयां एवं रूकने की व्यवस्थाए बनाई गई है। मेडीकल के केम्प भी लगाए जाएगें। ग्रामो में कोई भी बीमारियां फैल न सके। इसके अलावा कृषि, राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों की टीम बना दी गई है, जो वर्वाद हुई फसलो, क्षतिग्रस्त ग्रामो, घरो में रखा अनाज, पशुओ की क्षति सहित विभिन्न नुकसान हुआ है उनका आज से ही सर्वे शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा ग्रामो में सुचारू रूप से बिजली की व्यवस्थाए चालू करने के बिजली कम्पनी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। लोगो के रूकने के लिए सामुदायिक भवन, स्कूल एवं टेट लगवाए जाएगें। सभी खाने के पैकेट वितरण किए जाएगें, पीने के पानी की व्यवस्था भी गई है। विशेषतोर पर बुधवार से ही खमतरा ग्राम में खाने की व्यवस्था शुरू की गई है। गुरूवार से सभी ग्रामो की व्यवस्थाए चालू हो जाएगीं। साथ ही जिनके घर पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गए है। जिनके लिए प्रधान मंत्री आवास विशेषतौर पर दिए जाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जाएगें। राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह के भाई सतेन्द्र सिंह ने कहां है कि वर्तमान में मंत्री जी विधान सभा सत्र चलने के कारण वह भोपाल में है लेकिन उनके आदेश के अनुसार सभी बाढ प्रभावित ग्रामो का निरीक्षण कर रहा हूँ । युद्ध स्तर पर प्रशासन का अमला लोगो तक सुविधाए पहुचाने के कार्य किया जा रहा है।

## पिछले वर्ष से 10 इंच अधिक बारिश

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 723.4 मि.मी. अर्थात 28.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 269.4 मि.मी. अर्थात 10.6 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 454.0 मि.मी. अर्थात 17.8 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 843.0 मि.मी. दर्ज की गई है। अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 773.0 मि.मी., हटा 721.9 मि.मी., जबेरा में 843.0 मि.मी. पथरिया 787.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 690.4 मि.मी, बटियागढ़ 624.0 मि.मी. तथा पटेरा में 625.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## स्कूलो, महाविद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रो में आज 31 जुलाई को अवकाश रहेगा-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार 31 जुलाई को जिले के सभी शासकीय/ अशासकीय/ आई.सी.एस.ई./ सी.बी.एस.सी/ केंद्रीय विद्यालय/ नवोदय विद्यालयो/ महाविद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रो में अवकाश रहेगा। शैक्षणिक स्टॉफ विद्यालयों/ महाविद्यालयों में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा।

## ब्यारमा के उफान से अनेकों ग्राम जलमग्न, प्रशासन अलर्ट मोड पर



**दमोह।** भारी बारिश के चलते ब्यारमा नदी उफान पर है रनेह के समीपी ग्राम बंधा, बिजवार, इमलिया ब्यारमा नदी की चपेट में आ गए। बंधा ग्राम के पुल पर ग्रामीणजन जान जोखिम में डालकर नदी में बहकर आने वाली लकड़ी पकड़ते नजर आए। रनेह पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइस देकर पुल खाली कराया। प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहा, अधिकारियों की टीम निरंतर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण कर बचाव कार्य करने सक्रिय रही। रनेह क्षेत्र के ग्रामों में नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, नायब तहसीलदार राजेश सोनी, जनपद पंचायत सीईओ संजीव गोस्वामी थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने जल भराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। इमलिया, मोहरा, लक्ष्मीखेड़ा पानी से घिर कर टापू में तब्दील हो गए और चारों ओर के रास्ते बंद हो गए। ब्यारमा में आई बाढ़ एवं अमाढ़ नाले के उफान से रनेह से पन्ना एवं कटनी मार्ग 2 दिन से बंद है। जल भराव के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक अमला स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन अपने हमराही स्टाफ के साथ मौके पर मुस्तैद रह ग्रामीणों को समझाइश दे रहे हैं।

## सांसद राहुल सिंह ने बाढ़ पीडितों से किया संवाद

**दमोह।** सुबह से ही दमोह की जीवनदायिनी ब्यारमा नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण कई ग्रामों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गयी है। क्योंकि लोकसभा सत्र प्रारम्भ है और मैं अभी दिल्ली में हूँ, मैं सुबह से ही बाढ़ प्रभावित ग्राम और जिला प्रशासन से फ़ोन के माध्यम से संपर्क में हूँ। जिला प्रशासन के द्वारा जो भी आवश्यक कार्य है वो किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज रात्रि दमोह विधानसभा के ग्राम - अमखिरिया जो अधिक वर्षा के कारण जल भराव हो जाने से मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। गाँव के वरिष्ठ जन पं_श्री_गोवर्धन_महाराज_जी से बात की। साथ ही उन्हें आश्वस्त कराया कि हम सभी अलर्ट_मोड पर हैं। यदि रात में भी जल का स्तर बढ़ता है तो रात्रि में ग्रामवासियों का रेस्क्यू कराने का प्रयास करेंगे। मेरा सभी लोगों से आग्रह है कि आपकी सुरक्षा के लिए हम सभी निरंतर कार्य कर रहे हैं। पुनः सभी से आग्रह है कि यदि नदी का जल स्तर बढ़ता है तो तत्काल सूचना करें। आपकी हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा।

## गर्भवती को वैकल्पिक मार्ग से पहुंचाया अस्पताल, हुआ सुरक्षित प्रसव

स्वास्थ्य अमला बारिश दौरान जलभराव संवेदनशील ग्रामों में ऐसी गर्भवती जिनकी सप्ताह अंतर्गत नजदीकी अनुमानित प्रसव तिथी है, उनके सुरक्षित संस्थागत प्रसव को लेकर बेहद सतर्क है। कुछ ऐसा ही मामला पटेरा विकासखंड में देखने को मिला। आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र हिनोती के ग्राम बिछिया की वर्षारानी पत्नि कमलेश वर्मन की नियमित गर्भवती महिला जांच के दौरान जोखिम वाली गर्भवती के रूप में चिन्हित किया गया था। संबंधित गर्भवती को 30 जुलाई की सुबह प्रसव पीड़ा प्रारंभ हुई परंतु लगातार बारिश से बर्रट पुल पर जलभराव के कारण जननी वाहन गांव तक नहीं पहुँच पाया। ऐसी संकट की घड़ी में महिला की स्वास्थ्य स्थिति से भलि-भांति अवगत सतर्क स्वास्थ्य अमला ने वैकल्पिक मार्ग से महिला को 108 एम्बुलेंस के मदद से नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारी में स्थानांतरित किया गया। जहां सुरक्षित प्रसव हुआ। जच्चा-बच्चा स्वस्थ है। नवजात का वजन 2.750 कि.ग्रा. है। ज्ञातव्य हो कि हाल ही में ग्राम में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर उनकी जांच एएनएम द्वारा की गई थी। मल्टी ग्रेविटा होने के कारण उसे विशेष निगरानी में रखा गया था। कुम्हारी से दमोह जिला अस्पताल का मार्ग खुला था किसी भी गंभीर स्थिति में रेफरल संभव हो सके सतर्क अमला ग्राम की आशा, एएनएम, सीएचओ की मदद से महिला को सुरक्षित कुम्हारी पहुचाया। एहतियातन नजदीकी ई.डी.डी. गर्भवती को सुरक्षित प्रसव के लिए संस्था में स्थानांतरित किया गया। इसी तरह हाल ही में पटेरा विकासखंड के इमलिया रावत उपस्वास्थ्य केन्द्र के ग्राम महेबा निवासी सुमन प्रकाश अहिरवार गर्भावस्था स्थिति में पलायन पश्चात दिल्ली से वापस अपने गांव जून में लौटी थी। सतर्क स्वास्थ्य अमले ने तत्समय 17 जून को उनकी पहचान कर प्रसव पूर्व पहली जांच में ही हिमोग्लोबिन कम पाये जाने पर जोखिम गर्भवती के रूप में चिन्हित किया गया। जीवन रक्षक आयरन सुक्रोज की डोज लगाई गई। आठ माह की गर्भवती सुमन की 18 जुलाई को दूसरी जांच की गई। सुरक्षित प्रसव की दृष्टि से उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में 108 एम्बुलेंस के माध्यम से स्थानांतरित कर बर्थ वेटिंग हॉल में रखा गया है। जहां चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफीसर की निगरानी में स्वास्थ्य देखभाल सतत रूप से की जा रही है। ज्ञातव्य है कि संबंधित महिला का अनुमानित प्रसव तिथी 10 अगस्त है। इसी तरह तेन्दूखेड़ा विकासखंड में विगत कुछ दिनो से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से उपजी चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने सतर्क स्वास्थ्य अमला ने सी.बी.एम.ओ. डॉ. अशोक बरौनिया के नेतृत्व में तारादेही उप स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले संवेदनशील ग्रामों सारसबगली, बांसी, समनापुर, चोरखमरिया की चिन्हित नजदीकी अनुमानित प्रसव तिथी वाली पॉच महिलाओं को नजदीकी डिलेवरी प्वायंट तारादेही में स्थानांतरित कराया गया।



## पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने उमड रही भीड



**दमोह।** श्री पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिर बस स्टेण्ड पर श्रावण माह में अभिषेक दर्शन पूजन करने सुबह से रात तक भीड़ जमा रहती है। इस वर्ष तीसरे सावन सोमवार से पार्थिव शिवलिंग निर्माण अभिषेक पूजन व विसर्जन कार्यक्रम मदिंर के पुजारी जी के निर्देशन में चल रहा है। सुबह से शाम तक श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच कर शिवलिंग निर्माण करते है। जिनका अभिषेक पूजन के बाद श्रद्धालु भक्ति भाव से ले जा कर तालाब में विसर्जित करते है। मंदिर व्यवस्थापक समिति मोहन विश्वकर्मा एंड मित्र मंडली के द्वारा सभी व्यवस्थायें की जा रही है। इस मंदिर में दर्शनार्थियों को विशेष रूप से माता तारारानी के भी मिलते है।

## चाहत को दुबई में मिला यंगेस्ट सक्सेजफुल एक्टर अवॉर्ड



**दमोह।** दमोह की बेटी टीवी स्टार चाहत मणि पांडे ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर दमोह का नाम रौशन किया। दादा साहब फॉलके आईकन आवर्ड फिल्मस इंटरनेशनल 2025 का आयोजन 29 जुलाई 25 को रात्री में दुबई में संपन्न हुआ। इस आयोजन में दमोह की बेटी चाहत मणि पाण्डेय को अभिनय के क्षेत्र में यंगेस्ट सक्सेजफुल एक्टर इन टेलीविजन लीड एक्टर के आवर्ड से शेख मालिद ने सम्मानित किया। आवर्ड मिलने पर मंच पर चाहत ने आवर्ड शो की टिम को धन्यवाद कहा । उन्होने अपनी सफलता को श्रेय अपनी मां को दिया। अंत में जय हिंद जय बुंदेल खंड बोल कर अपने क्षेत्र का नाम दुबई में रोशन किया।

## संविदा कर्मचारियों की आवाज उठाने पर हटा विधायक का माना आभार



**दमोह।** विधान सभा में प्रदेश के संविदा कर्मचारियों के लिए आवाज उठाने वाली हटा विधायक उमा देवी खटीक जी का मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने भोपाल स्थित उनके निवास पर जाकर स्वागत कर आभार व्यक्त किया । विधायक जी के विधान सभा में प्रश्न उठाने के बाद विधान सभा में माननीय मुख्यमंत्री जी की ओर से दिए गए आश्वासन के बाद सभी विभागों को निर्देश जायेंगे कि संविदा नीति का पालन जिन विभागों ने नही किया है जैसे अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेच्यूटी , एनपीएस, स्वास्थ्य बीमा जैसे निर्देशों को विभाग शीघ्र लागू करे। संगठन ने सभी विधायक गण का भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने हम संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को विधान सभा में उठाया।

## 13 वर्षों में सुनार पुल चालू हुआ पर खोजाखेड़ी कोपरा पुल अधूरा होने से मार्ग हो रहा अवरूद्ध





**पथरिया।** एमपीआरडीसी द्वारा करीब 13 वर्ष पहले पथरिया से दमोह सड़क मार्ग तो बनाकर तैयार कर दी लेकिन रास्ते में सुनार व कोपरा नदी खोजाखेड़ी दोनों पुल अधूरे रह गये जिससे हर बारिश में नदियों के उफान पर होने से पुल डूब जाते हैं जिससे सड़क मार्ग बंद हो जाता और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुधवार को सुबह से ही पथरिया दमोह सड़क मार्ग खोजाखेड़ी में कोपरा नदी उफान पर होने से पुल डूब गया जिससे दिन भर सड़क मार्ग बंद रहा। जिससे कुछ लोग तो निर्माणाधीन पुल के ऊपर से पैदल निकलते नजर आए। पिछले पंचवर्षीय में तत्कालीन विधायिका ने बारिश में सड़क मार्ग बंद होने पर जरूर विधानसभा सत्र में अपने क्षेत्र की समस्या रखी और पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया पर सोचने वाली बात है कार्यकाल पूरा हो गया पर पुल बनकर तैयार नही हो पाए। जबकि पिछले वर्ष 2024 में पुल का काम लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया था वही तत्कालीन विधायक मंत्री हैं फिर भी क्षेत्र के लोगों की समस्या को ध्यान नही दिया गया। अगर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ध्यान देते तो इस बारिश में पथरिया-दमोह सड़क मार्ग बंद नही होता यह निश्चित था। क्षेत्र की विकास की गति कितना तेज है इसी से उम्मीद लगा सकते हैं कि 13 वर्षो से कार्य चल रहा है पर पूर्ण नही हो पाया।

## भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक आज



**दमोह।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी मे आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी के आशीर्वाद से श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का सोलह दिवसीय आयोजन भक्ति भाव के साथ चल रहा है। विधान के छटवे दिन बुधवार को भी भक्ति भाव के साथ महा पात्रों के साथ इंद्र इन्द्राणी एवं श्रावक जनों ने विधान संपन्न किया। गुरुवार को मोक्ष सप्तमी के अवसर पर प्रातः बेला में भगवान पारसनाथ की 23 शांति धारा के साथ निर्वाण लाडू समर्पित किया जाएगा। दमोह नगर के सबसे बड़े नन्हे मंदिर में भगवान पारसनाथ के विशाल समवशरण के समक्ष 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान पूजन हवन आरती का आयोजन प्रतिदिन भक्ति भाव से चल रहा है। प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री, ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया एवं रोहित भैया के निर्देशन में प्रातः मेला में श्री जी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत महामंडल पर अर्घ्य समर्पण के साथ विधान की क्रिया संपन्न की जा रही है। विधान ध्वजारोहण कर्ता एनके जैन, सुनील महेंद्र करुणा वेजीटेरियन परिवार एवं समस्त द्रव्य प्रदान कर्ता पदमचंद जैन खजरी वाला परिवार, सोधर्मइंद्र राजेन्द्र अटल परिवार, भरत चक्रवर्ती पंकज जैन 'मुंशी' परिवार, कुबेरइंद्र संतोष जैन अविनाशी बनवार परिवार, महायज्ञ नायक मुकेश जैन अनिल फोटो परिवार एवं यज्ञ नायक चंद्र कुमार जैन खजरी परिवार के साथ सभी श्रावक श्रेष्ठि इंद्रजनो ने विधान के छटवे दिन श्रीजी का अभिषेक शांति धारा पूजन करके मंडल पर अर्घ्य चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। शाम को भक्ति भाव के साथ महा आरती का आयोजन भी किया गया। विधान के सातवे दिन गुरुवारवार को भगवान पारसनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मोक्ष सप्तमी का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाते हुए निर्वाण चढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर होने वाली 23 शांति धारा कर्ताओं का चयन भी किया जा चुका है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला एवं महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने सकल जैन समाज से सुबह 7 बजे से मंगल अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत विधान में शामिल होकर देवाधिदेव श्री शांतिनाथ भगवान के साथ श्री पारसनाथ भगवान की वृहत आराधना करके पुन्यार्जन की अपील की है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बनवार।** नोहटा थाना की बनवार चौकी मुख्यालय ग्राम बनवार में एक नव विवाहिता के फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बांदकपुर के पास स्टेशन बम्होरी गांव की गोमती का विवाह बनवार गांव निवासी शुभम सिंह के साथ दो साल पूर्व में हुआ जिसका शव आज मकान की सपोट गटर से साड़ी के फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। मृतिका के परिजनों एंव पारिवारिक विवाद के कारण उसने फांसी के फंदे से झूल जिंदगी समाप्त करने का आरोप लगाया है घटना बुधवार की सुबह 7 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। जब गोमती पति शुभम सिंह लोधी ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया और करीब एक घंटे तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों इसकी सूचना बनवार पुलिस चौकी को दी गई और सूचना पर बनवार पुलिस चौकी प्रभारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजे खुलवाकर देखा तो मकान की सपोट गटर से साड़ी के फंदे पर झूली हुई मिली। फांसी के फंदे से शव को नीचे उतारकर पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई नायब तहसीलदार बनवार अटल बिहारी वर्मा की मौजूदगी में करवाते हुए मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाया गया है। घटना स्थल कमरे को पुलिस से सील कर दिया मामले की जांच मे पुलिस जुट गई है। इधर, नव विवाहित की आत्महत्या के मामले की जांच एसडीओपी तेंदूखेड़ा के द्वारा की जाएगी मृतका के परिजनों द्वारा ससुराल पक्ष पर परेशान करने का आरोप लगाया है। मनीष यादव बनवार चौकी प्रभारी ने बताया कि पंचनामा कार्यवाही नायब तहसीलदार की मौजूदगी में करते हुए शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना स्थल कमरे को सीज कर दिया गया जिसकी जांच एसडीओपी तेंदूखेड़ा के द्वारा की जाएगी।



**नाम परिवर्तन सूचना**

**शपथकर्ता निशा झा उम्र 34 वर्ष पति सुनील कुमार झा हाल निवासी जवाहर नवोदय विद्यालय हटा ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मैने पोस्ट ऑफिस हटा से दिनांक 16/05/2016 को 10000 रुपए के पांच किसान विकास पत्र लिए थे। एक किसान पत्र में मेरा नाम निशा वाल्मीकि दर्ज है वह अन्य चार विकास पत्र में मेरा नाम एन वाल्मीकि दर्ज है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम निशा झा अंकित है। यह की एन वाल्मीकि, निशा झा व निशा वाल्मीकि उक्त तीनों नाम मेरे स्वयं के हैं। तीनों नाम वाली मैं एक ही महिला हूं। एन वाल्मीकि, निशा वाल्मीकि के स्थान पर मैं अपना नाम परिवर्तित कराकर निशा झा कराना चाहती हूं। अत: मुझे निशा झा के नाम से जाना पहचाना व पत्र व्यवहार किया जावे।**

**शपथकर्ता : निशा झा पति सुनील कुमार झा**